वर्ष-01, अंक-286
छपरा
18 अगस्त रविवार 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

### लखनऊ एयरपोर्ट पर फ्लोरीन लीक,5 की तबियत बिगड़ी

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल पर कैंसर की रेडियो एक्टिव दवा लीक हो गई। सुरक्षा उपकरणों का अलार्म बजते ही हड़कंप मच गया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को सूचना दी गई। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को सूचना दी गई। एरिया को खाली कराया गया।सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल जांच कर रही हैं। जो लोग उसकी जद में आए उनको रोक लिया गया है। रेडियोएक्टिव विकरण दिखाई नही देता लेकिन बेहद खतरनाक होता है। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, शनिवार को एक फ्लाइट लखनऊ से गुवाहाटी जा रही थी। लखनऊ एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर स्कैनिंग के दौरान मशीन ने बीप किया। कैंसर रोधी दवाएं लकड़ी के बॉक्स में पैक थीं, जिसमें रेडियो एक्टिव एलिमेंट का इस्तेमाल होता है। रेडियो एक्टिव मटेरियल लीक हो गया। अलार्म बजते ही सुरक्षा एजेंसियों को सूचना दी गई। इसके साथ ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को भी बुला लिया गया। इस दौरान हड़कंप मच गया। एरिया खाली कराया गया। मामले की जांच चल रही है।

### कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ चलेगा मुकदमा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जो आने वाले समय में राज्य की राजनीति में भूचाल ला सकती है। वहां के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ उनके परिवार से जुड़े MUDA मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत को दो कार्यकर्ताओं की शिकायतें मिली हैं, जिनमें से एक आरटीआई कार्यकर्ता टीजे अब्राहम भी हैं। दूसरी शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा द्वारा हाल ही में की गई थी। शिकायत में कहा गया है कि सीएम सिद्धारमैया द्वारा कानून का पालन करने के बार-बार दावों के बावजूद सिद्धारमैया की पत्नी को MUDA द्वारा 14 साइटें आवंटित करने में स्पष्ट उल्लंघन हुआ है। इससे पहले कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने भी मुख्यमंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करके पूछा है कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति क्यों न दी जाए। जवाब में, कर्नाटक कैबिनेट ने दृढ़ता से सिफारिश की कि राज्यपाल मुख्यमंत्री को जारी नोटिस वापस लें। कर्नाटक में भूमि आवंटन घोटाला सुर्खियों में रहा है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री की पत्नी 2021 में भाजपा के कार्यकाल के दौरान MUDA की लाभार्थी थीं। उस समय मैसूर के प्रमुख स्थानों में 38,284 वर्ग फुट भूमि उन्हें उनकी 3.16 एकड़ जमीन के कथित अवैध अधिग्रहण के मुआवजे के रूप में आवंटित की गई थी। मैसूर के केसारे गांव में उनकी 3.16 एकड़ जमीन उनके भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें उपहार में दी थी।

### अब कानपुर में बेपटरी हुई साबरमती एक्सप्रेस

**रेलमंत्री बोले–साबरमती एक्सप्रेस भारी चीज से टकराई**

**कानपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस (19168) पटरी से उतर गई। 22 डिब्बे डिरेल हुए हैं। ट्रेन वाराणसी से अहमदाबाद जा रही थी। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। कुछ यात्री घायल हुए हैं। हादसा देर रात 2.35 बजे कानपुर शहर से 11 किमी दूर भीमसेन और गोविंदपुरी स्टेशन के बीच हुआ। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– ट्रेन का इंजन पटरी पर रखी किसी भारी चीज से टकराया। इंजन पर टकराने के निशान हैं। सबूत सुरक्षित रखे गए हैं। IB और पुलिस जांच कर रही है। नॉर्दन सेंट्रल रेलवे के GM उपेंद्र चंद्र जोशी ने कहा– यह तय है कि हादसा इंजन के किसी चीज से टकराने से हुआ है। मौके पर कोई चीज नहीं मिली है। हादसे के वक्त ट्रेन की स्पीड 70 से 80 के बीच थी।

**लैंड फॉर जॉब केस**

# लैंड फॉर जॉब में ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर 24 अगस्त को फैसला

### लालू-तेजस्वी समेत 10 आरोपी



**पटना,एजेन्सी।** लैंड फॉर जॉब मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर 24 अगस्त को फैसला आने की संभावना है। इस चार्जशीट में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे एवं बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव समेत 10 लोगों को आरोपी बनाया गया है। दिल्ली की अदालत में शनिवार को इस मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने या नहीं लेने के फैसले को सुरक्षित रख दिया है। अगले हफ्ते की सुनवाई में फैसला सुनाया जा सकता है।सीबीआई स्पेशल जज विशाल गोगने की अदालत ने शनिवार को ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर जांच एजेंसी की दलीलों को सुना। ईडी ने कोर्ट को बताया कि आरोपियों के खिलाफ एजेंसी के पास पर्याप्त सबूत हैं। ईडी ने बीते 6 अगस्त को अदालत में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी सीबीआई की एफआईआर के आधार पर इस केस की जांच कर रही है।

**लालू यादव फिर जाएंगे सिंगापुर, राबड़ी के साथ पटना से दिल्ली के लिए रवाना :** यह मामला साल 2004 से 2009 के बीच का है, जब लालू यादव केंद्र की तत्कालीन यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि रेलवे में बड़ी संख्या में ग्रुप डी की भर्तियों में नियमों की अवहेलना करते हुए नियुक्तियां की गई थीं। इसके बदले में अभ्यर्थियों से लालू परिवार के सदस्यों और करीबियों के नाम पर जमीनें लिखवाई गई थीं। अगर अदालत ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेती है तो लालू-तेजस्वी समेत सभी आरोपियों के खिलाफ इस केस में ट्रायल शुरू हो जाएगा। सभी आरोपी फिलहाल जमानत पर हैं।

### बिहार में 20 अगस्त से अब होगा जमीन का सर्वे

**देनी होंगी 177 जानकारियां,अपील के मिलेंगे तीन मौके**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में जमीन का नया सर्वे होने जा रहा है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग 20 अगस्त से यह काम शुरू करेगा। 45 हजार से ज्यादा गांवों में यह सर्वे होगा। सरकार का मकसद पुराने जमीन के रिकॉर्ड को अपडेट करना है। पिछला सर्वे लगभग 50 साल पहले हुआ था। उस समय से अब तक जमीन के लेन–देन में बहुत बदलाव आए हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने बताया कि नए सर्वे से जमीन के रिकॉर्ड को अपडेट किया जाएगा। उन्होंने एक न्यूज पोर्टल से बातचीत के दौरान कई जरूरी बातें बताईं। उनके मुताबिक इससे जमीन विवादों को कम करने में मदद मिलेगी। सर्वे में 177 तरह की जानकारियां इकट्ठा की जाएंगी। इसमें जमीन का मालिकाना हक, प्रकार, और उस पर बने मकान जैसी जानकारियां शामिल होंगी। जय सिंह ने बताया कि सर्वे का काम एक साल तक चलेगा। इसके लिए सरकार एक अधिसूचना जारी करेगी। हर गांव में बंदोबस्त पदाधिकारी इसकी घोषणा करेंगे। सर्वे कर्मियों को जमीन की मापी करने का अधिकार होगा। जय सिंह ने कहा, सर्वे का मकसद जमीन के रिकॉर्ड को अपडेट करना है। बिहार में पिछला सर्वे लगभग 50 साल पहले हुआ था। उस समय से अब तक जमीनों का बहुत लेन–देन हुआ है। नए सर्वे से यह जानकारी अपडेट हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा, इस सर्वे का एक उद्देश्य जमीन विवादों को कम करना भी है। पुराने रिकॉर्ड की वजह से कई बार विवाद होते हैं। नए सर्वे से यह समस्या दूर होगी। सर्वे के दौरान लोगों को अपने जमीन के कागजात दिखाने होंगे। जय सिंह ने कहा, सर्वे कर्मी जमीन की जानकारी के लिए कागजात मांग सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर किसी ने अवैध कब्जा किया है तो सरकार सर्वे के माध्यम से उसे ठीक करेगी। सर्वे में लोगों को अपनी बात रखने के लिए कई मौके दिए जाएंगे। जय सिंह ने कहा, सर्वे में तीन बार सुनवाई का मौका दिया जाएगा। अगर कोई सर्वे टीम से असंतुष्ट है तो वह अपील कर सकता है। अगर किसी को सर्वे के बाद भी आपत्ति है तो वह सिविल कोर्ट या हाई कोर्ट जा सकता है।

## ग्लोबल साउथ की ताकत इसकी एकता में है: पीएम

**मोदी बोले-फूड और एनर्जी सिक्योरिटी सबसे बड़ी चुनौती**



**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकासशील देशों की फूड और एनर्जी सिक्योरिटी को लेकर दुनिया भर में चल रही अनिश्चितता पर चिंता जताई। ये बात पीएम मोदी ने शनिवार को वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट को संबोधित करते हुए कही। ग्लोबल साउथ के इस इवेंट की मेजबानी भारत कर रहा है। पीएम ने समिट में शामिल देशों को डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर समेत बाकी दूसरे प्रमुख क्षेत्रों में उन्हें पूरा समर्थन का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा- वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट एक ऐसा मंच है, जहां हम उन लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं को आवाज दे रहे हैं, जिन्हें अनसुना किया गया। मोदी ने विकास में भागीदार देशों की मदद के लिए ग्लोबल डेवलपमेंट कॉम्पैक्ट का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि भारत बिजनेस बढ़ाने वाली गतिविधियों के लिए 2.5 मिलियन डॉलर (करीब 21 करोड़ रुपए) का स्पेशल फंड शुरू करेगा। ग्लोबल साउथ की ताकत इसकी एकता में है। इसके बल पर हम एक नई दिशा की ओर बढ़ेंगे। हम ऐसे समय मिल रहे हैं, जब चारों तरफ अनिश्चितता का माहौल है। दुनिया अभी भी कोविड के असर से पूरी तरह उबरी नहीं है। दूसरी ओर, युद्ध जैसे हालात ने हमारी विकास यात्रा में चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

**कोलकाता डॉक्टर मर्डर केस**

# डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए बनेगी कमेटी, स्वास्थ्य मंत्रालय का एलान




**कोलकाता,एजेन्सी।** शनिवार सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे तक डाक्टर हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान अस्पतालों में ओपीडी व नियमित सर्जरी बंद रखने की अपील की गई है। छोटे निजी अस्पताल, नर्सिंग होम के अलावा कारपोरेट अस्पतालों में भी डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे। आइएमए ने केंद्र सरकार से अस्पतालों को सुरक्षित जोन घोषित कर एयरपोर्ट जैसी सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है।

डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सरकार ने सख्त एक्शन लिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एलान किया है कि स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभावित उपाय सुझाने के लिए एक समिति गठित की जाएगी। राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को समिति के साथ अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। मंत्रालय ने व्यापक जनहित और डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए आंदोलनकारी डॉक्टरों से अपने काम पर लौटने का अनुरोध किया है।

**सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग कर रहे डॉक्टर्स- इंडियन मेडिकल एसोसिएशन :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) की देशव्यापी हड़ताल पर IMA के महासचिव डॉ. अनिल कुमार जे नायक ने कहा, ÷हमारे जूनियर और रेजिडेंट डॉक्टरों ने कल महा-रैली की। इसमें 4000-5000 डॉक्टर शामिल हुए। कोलकाता में जो कुछ हुआ उससे हर कोई उत्तेजित है और वे सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

### बिहार में डॉक्टरों की हड़ताल, दिल्ली दौरे पर स्वास्थ्य मंत्री

**आरजेडी बोली–इमरजेंसी में मौत हुई तो वह भी आपराधिक, बीजेपी ने कहा–यह पूरे देश की लड़ाई**




**पटना,एजेन्सी।** कोलकाता रेप-मर्डर कांड पर देशभर में डॉक्टर हड़ताल पर हैं। इसका असर बिहार में भी दिख रहा है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों ने ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं ठप कर दिया है। बिहार के कोने-कोने से इलाज के लिए पटना पहुंचे मरीज परेशान हैं। उनको देखने वाला कोई नहीं है। इन सबके के बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय साइलेंट मोड में हैं। लोगों की परेशानियों को सुलझाने के बदले वो दिल्ली दौरे पर हैं।

**इमरजेंसी में मौत हुई तो वह आपराधिकः आरजेडी**

आरजेडी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि किसी के साथ ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए। हाथरस, औरंगाबाद और मुजफ्फरपुर में अबला न्याय की गुहार लगाती रही। किसी ने नहीं सुनी। न्याय संगत तरीके से काम होना चाहिए। डॉक्टरों का अधिकार है कि वे विरोध दर्ज करें, लेकिन इमरजेंसी में मौत होगी तो वह आपराधिक होगा।

**रेप-मर्डर केस में आवाज उठाने वालों का ट्रांसफर**

## ममता सरकार का 42 प्रोफेसर-डॉक्टर्स पर ऐक्शन



**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता में डॉक्टर के रेप और हत्या को लेकर पूरे देश में गुस्से का माहौल है। इस बीच ममता सरकार ने एक चौंकाने वाला फैसला लिया है। इसके तहत प्रदेश विभिन्न मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों में तैनात प्रोफसरों और डॉक्टरों का ट्रांसफर कर दिया गया है। इन प्रोफेसरों और डॉक्टरों की संख्या 42 है। इनमें वह डॉक्टर और प्रोफेसर भी शामिल हैं, जिन्होंने इस मामले में आवाज उठाई थी। जिस आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ वहां के भी दो प्रोफेसर डॉक्टरों का नाम तबादला सूची में शामिल है। इस केस को लेकर प्रोटेस्ट कर रहे डॉक्टरों ने इस ट्रांसफर के पीछे साजिश की आशंका जताई है। ममता सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि आखिर इतने बड़े पैमाने पर तबादले क्यों किए गए हैं। वहीं, भाजपा ने भी पश्चिम बंगाल सरकार के इस फैसले पर सवाल उठाया है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इसको लेकर एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि 16 अगस्त को पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य विभाग ने आठ पेज की लंबी ट्रांसफर लिस्ट जारी की है।

### पटना रेलवे स्टेशन से 50 लाख रुपये बरामदगी मामले में झारखंड एटीएस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया

**रांची।** बिहार के पटना रेलवे स्टेशन से 50 लाख बरामदगी मामले में झारखंड के आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने रामगढ़ के पतरातू से बजरंग कुमार ठाकुर को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में एटीएस ने एटीएस कांड संख्या 07/2024 दर्ज किया गया है। एटीएस बजरंग कुमार ठाकुर के सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इसके पास से तीन मोबाईल फोन बरामद किया गया है।

आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने शनिवार को बताया कि पुलिस मुख्यालय के जरिये राज्य में संगठित आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करने एवं इन गिरोहों के फंडिंग, आर्थिक स्रोतों हवाला चैनल एवं इनके द्वारा अपराध से अर्जित किए हुये संपत्ति का पता लगाने में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी करने का निर्देश में एटीएस को दिया गया है। लगातार एटीएस इसपर कार्य भी कर रहा है।

इसी क्रम में गत 12 अगस्त को एटीएस को सूचना प्राप्त हुई थी कि 11 अगस्त को पटना रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति को वन्दे भारत ट्रेन (रांची से पटना) से उतरने के दौरान रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेल पुलिस के जरिये 50 लाख नकद रुपये के साथ पकड़ा गया। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम बजरंग कुमार ठाकुर बताया। वह रामगढ़ के पतरातू थाना के जयनगर का रहने वाला था।


### पेरिस से स्वदेश लौटने पर विनेश फोगाट का भव्य स्वागत





**नई दिल्ली ,एजेन्सी।** पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बावजूद अधिक वजन होने के कारण पदक नहीं जीत पाने वाली विनेश फोगाट का शनिवार को देश लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। अपने गांव बलाली जाते समय रास्ते में अनेक समर्थकों और खाप पंचायतों द्वारा स्वागत किए जाने के बाद भारत की इस स्टार पहलवान ने कहा कि यह हजार ओलंपिक पदक जीतने से भी बेहतर है।

यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर सैकड़ों समर्थक एकत्रित हुए और ढोल की थाप पर विनेश का स्वागत किया। वह सुबह करीब साढ़े दस बजे अपने पति सोमवीर राठी और कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ हवाई अड्डे से बाहर निकलीं।बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे स्टार खिलाड़ियों के अलावा पंचायत नेता भी विनेश का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे। पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले किए गए वजन में उनका वजन 100 ग्राम अधिक निकला था जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था।



# भूमि सर्वेक्षण के कार्य के लिए मिर्जापुर, बहुआरापट्टी में ग्राम सभा का आयोजन

**दैनिक खोज खबर /मढ़ौरा (सारण)।** विशेष भूमि सर्वेक्षण का कार्य के तहत में आ में आम सभा कर जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य प्रखंड में शुरु किया गया है। प्रखंड के मिर्जापुर और बहुआरापट्टी में आयोजित ग्राम सभा में अपर समाहर्ता सह जिला बंदोबस्त पदाधिकारी स्वय भी उपस्थित रहे। मिर्जापुर में आयोजित ग्रामसभा में जिला बंदोबस्त पदाधिकारी ने बताया कि अन्य जिलों के साथ सारण के सभी 1718 राजस्व ग्रामों मे 1 अगस्त से विशेष भूमि सर्वेक्षण के कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।16 अगस्त से 21 अगस्त की अवधि में जिला के सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का अयोजन किया जाना है। इस ग्राम सभा में सभी रैयतों एवं हितधारकों को भूमि सर्वे की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया जायेगा। सर्वे के दौरान रैयतों के कर्तव्यों एवं उनसे अपेक्षित दस्तावेज आदि की




जानकारी भी दी जायेगी। पारदर्शिता के लिए आवेदन और दस्तावेज की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इस दौरान सम्बंधित अधिकारी ने लोगों को विस्तार से बताया कि उन्हे सर्वे के दौरान कौन से कागजात को उपलब्ध कराने की आवश्यता होगी और उन्हे किस तरह से सर्वे से जुड़े लोगों को सहयोग करना है। इस दौरान बीडीओ सुधीर कुमार, मुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार, राजस्व कर्मचारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील:** बंदोबस्त पदाधिकारी ने बतायी कि बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त कोई व्यक्ति ग्राम की सीमा या इसके भूखंडों की सीमांकन या पहचान के लिए भूखंडों में प्रवेश कर सकते हैं। ग्रामीणों से कहा कि सर्वेक्षण के कार्य में कर्मियों का सहयोग करे और उनकों सभी जरूरीमांगे गए कागजात उपलब्ध कराये। कर्मियों को इस तरह से सहयोग दे कि उन्हें कर्तव्यों के निर्वहन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नही हो।

**मुखिया से की गई अपील:** सभी मुखिया और सरपंच से विशेष सर्वेक्षण कार्य के हर चरण में सहयोग की अपील की गयी। बंदोबस्त पदाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि सर्वे के काम में तेजी लाने के लिए प्रत्येक जिला में एक बंदोबस्त पदाधिकारी की पदस्थापना की गई है। जिले में विशेष सर्वेक्षण का कार्य उद्घोषणा के साथ शुरू हो गया है। इसमें सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से सर्वे कार्य से जुड़े अमीन व अन्य सहयोग और जरूरी जानकारी उपलब्ध कराएं ।

## सेवा भारती ट्रस्ट द्वारा सावन महोत्सव सह सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मसौढ़ी(पटना)।** स्थानीय नगर के पटेल नगर स्थित साईं उत्सव हॉल मसौढ़ी में सेवा भारती ट्रस्ट के द्वारा सावन महोत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष लाल मोहन सिंह एवं मंच का संचालन डॉ सुनील कुमार गावस्कर एवं पालटन सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायिका रेखा देवी, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल, डीसीएलआर कोमल किरण, सेवा भारती ट्रस्ट के सचिव शिल्पी देवी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि सेवा भारती अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के लिए कार्य कर रही है ताकि उनका जीवन उत्थान हो सके और वो भी राष्ट्र निर्माण में सम्मिलित हों। समाज के अलग अलग वर्गों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और संस्कार की व्यापक योजना के माध्यम से अपना योगदान सुनिश्चित कर रही है। मैनें व्यक्तिगत रूप से सेवा भारती के कार्यों को महसूस किया है। जहां कोई सामाजिक संस्था नही पहुंच पाती, वहां सेवाभारती के कार्यकर्ता पहुंचते हैं। वहीं मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मसौढ़ी डीसीएलआर कोमल किरण, कृषि पदाधिकारी अखिलेश कुमार, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी रामानुज सिंह, रेल थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, अभियंता फोरटी के डाइरेक्टर बिलाश कुमार, नवलेश कुमार ने कहा कि इस तरह के प्रयास समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं और सैकड़ों सेवाकर्मियों को राष्ट्र साधना के लिए प्रोत्साहित करते हैं। भारत भूमि सदैव, सर्वदा समर्पण का भाव जागृत करती है और एक समरस, समावेशी समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करती है। वहीं सावन महोत्सव पर स्कूल छात्राओं ने सावन के सुंदर भजनों लोगों की बीच प्रस्तुत किया। वहीं ईस कार्यक्रम में रेणु कुमारी,खुशबु रानी, माधुरी देवी, रंजु कुमारी, शबनम आरा,अमिषा पटेल,चंद्रकला देवी, अभिमन्यु पटेल, राजेश कुमार,बैजनाथ पासवान, राहुल सर, कृष्णा सर, पिंकु मुखिया,बृजनंदन सहाय,सद्दाम आलम, अरफराज साहिल, प्रतिक पटेल, मकसूद रजा, सुरेश पटेल, रमेश सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित हुए।

## स्नातकोत्तर सत्र 2023- 25 के नामांकन और सत्र 2022-24 के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि शीघ्र घोषित करें जयप्रकाश विश्वविद्यालय प्रशासन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शनिवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा की राजेंद्र महाविद्यालय इकाई ने राजेंद्र कॉलेज में बैठक की। बैठक का प्रमुख एजेंडा स्नातकोत्तर सत्र 2023- 25 के नामांकन प्रक्रिया शुरु करने, स्नातकोत्तर सत्र 2022 24 के फर्स्ट सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने, राजेंद्र महाविद्यालय के कैंपस को बेहतर करने,महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के शिक्षको की कमी दूर करने, शिक्षक एवं छात्रों के बीच बेहतरीन सामंजस बैठाने, महाविद्यालय के अंदर जल जमाव की समस्या के निदान विश्वविद्यालय के एकेडमिक कैलेंडर को दुरुस्त करने आदि विभिन्न मुद्दों पर गहनता पूर्वक चर्चा हुई। जिसकी अध्यक्षता युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के राजेंद्र कॉलेज इकाई की अध्यक्षा व संगठन की सक्रिय छात्रनेत्री सिम्मी सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सिम्मी सिंह ने कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक के सत्र काफी पीछे चल रहे हैं। जिसको इस तरह से आसानी से समझा जा सकता है, जैसे- स्नातकोत्तर के सत्र 2023-25 का नामांकन अभी तक शुरू नहीं हुआ है, स्नातकोत्तर सत्र 2022 24 के फर्स्ट सेमेस्टर का फॉर्म अभी तक नहीं भरा गया। जो डिग्री 2024 में मिल जानी चाहिए उसका एक भी एग्जाम अभी तक नहीं हो पाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसे पटरी पर लाने के लिए जेपीयू कुलपति प्रोफेसर प्रवीण कुमार बाजपेई जी को जल्द से जल्द स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध के सत्र को नियमित करने के लिए जल्द से जल्द सभी परीक्षाओं का आयोजन कर जीरो सेशन करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। तभी विश्वविद्यालय का एकेडमिक कैलेंडर लागू हो पाएगा। हम कुलपति महोदय से मांग करते हैं कि स्नातकोत्तर के 2023-25 के नामांकन प्रक्रिया को शीघ्रतापूर्वक शुरू किया जाए साथ ही साथ पीजी के 2022-24 के फर्स्ट सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जल्द से जल्द घोषित की जाए इसकी युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा राजेंद्र कॉलेज इकाई मांग करती है। बैठक में मुख्य रूप से राजेंद्र कॉलेज इकाई की अध्यक्ष सिम्मी सिंह, सचिव नंदिता सिंह, उपाध्यक्ष सुमन कुमार यादव, सह सचिव के आदर्श अमर, निशा कुमारी, अन्य सदस्यों में पूनम कुमारी,ज्योत्स्ना कुमारी, रिमी कुमारी, ममता कुमारी, अविनाश कुमार सिंह, नेहा कुमारी पंडित, स्वाति सिंह, राकेश, रौनक, रोहन आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संठा मे महावीरी पूजा धूमधाम से सम्पन्न

### हर घर से झंडा एवं प्रसाद चढाने का प्रचलन



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** गरखा प्रखंड के मौजमपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम संठा के महावीर मंदिर मे शनिवार को वार्षिक भव्य पूजा की गई। वार्षिक पूजा को ले मंदिर परिसर तथा गांव के रास्ते पर दिनभर मेला लगा रहा ।वही इस पूजा में दूर दराज से संठा एवं आसपास के गांव के घरो मे लोग इस पूजा को देखने के लिए लोग आए हुए थे। गौरतलब है कि इस पूजा में गरखा प्रखंड के अलावे विभिन्न प्रदेशों से भी श्रद्धालु यहां आकर अपनी मन्नते पूरे होने पर मंदिर परिसर में ध्वज लगाने का संकल्प लेते हैं। गांव के लोग कहते हैं कि यह वार्षिक पूजा श्रावण माह के अंतिम मंगलवार या शनिवार को ही चढ़ती है और यह परंपरा लगभग 300 वर्षों से जारी है। गांव के लोग बताते हैं कि लगभग 300 वर्ष पूर्व गांव के किसी व्यक्ति को बाढ़ में हनुमान जी की मूर्ति मिली थी और उन्हीं के द्वारा महावीर जी स्वप्न में मंदिर स्थापित करने को बोले थे। तब से यह परंपरा चली आ रही है ।गांव के युवा एवं बुजुर्ग इस पूजा मे बढ चढ़कर भाग लेते है तथा पूजा मे आए लोगो को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका ध्यान रखते है। यहां के लोगों में महावीर जी की आस्था इतनी है जिसका अंदाजा आप मंदिर परिसर में लगे ध्वज से लगा सकते हैं। जिले मे इस तरह का भगवान महावीरजी की पूजा चर्चा का विषय है। सालों साल इस पूजा का महत्व और प्रचार बढते जा रहा है । भीषण गर्मी के बचाव के लिए दीपक इलैक्ट्रानिक की ओर से शुद्ध शीतल जल की भी व्यवस्था किया गया था।

## इसुआपुर अंचल में स्पेशल सर्वे का काम शुरू

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** इसुआपुर अंचल के बंदोबस्त पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देशानुसार शनिवार को विशेष सर्वेक्षण सहायक पदाधिकारी संजय भारती के द्वारा तीन पंचायतों इसुआपुर, निपनिया तथा केरवां में ग्राम सभा के माध्यम से स्पेशल सर्वे की जानकारी शिविर लगा कर दी गई। वही बंदोबस्त पदाधिकारी के निर्देशन में सभी व्यक्तियों को सूचित किया गया कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिनियुक्त कोई व्यक्ति ग्राम सीमा भूखंडों की पहचान के लिए प्रवेश कर सकता है तथा पैमाइश के दौरान वृक्षों जंगलों हरे फसलों को हटाने में सहयोग करें। किसी प्रकार का अर्चन या बाधा उत्पन्न नहीं करें। वहीं उपस्थित ग्रामीणों को स्पेशल सर्वे के बारे में बताया व समझाया गया तथा इससे होने वाले फायदे भी बताए गए। वही स्व घोषणा प्रपत्र, वंशावली प्रपत्र, किस्तवार प्रपत्र, खानापूरी प्रपत्र के साथ और प्रपत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं लोगों को स्पेशल सर्वे के बारे में जानकारी देते हुए कहा गया कि अब जीवित व्यक्ति के नाम से जमीन का खाता खतियान खुलेगा तथा भौगोलिक मैप बनेगा। यह प्रक्रिया सारे पंचायत में सुचारू रूप से चलाया जाएगा। ताकि सभी लोगो को इसकी जानकारी हो सके। निपनिया पंचायत भवन पर मुखिया प्रतिनिधि पन्नालाल राय तथा अन्य ग्रामीण थे।




## द सर्जन हॉस्पिटल में लेजर व नई तकनीक सुविधाओं से लैस दंत विभाग का हुआ शुभारंभ

### प्रसिद्ध कैंसर सर्जन डॉ जगजीत पांडे ने फीता काट दंत विभाग का किया उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शनिवार को छपरा भगवान बाजार थाना रोड स्थित द सर्जन हॉस्पिटल में आधुनिक लेजर सुविधा उक्त दंत विभाग का शुभारम्भ हुआ। जिसका उद्घाटन प्रसिद्ध कैंसर सर्जन व हेड ऑफ डिपार्टमेंट ऑनकोलॉजी पटना एम्स डॉ जगजीत पांडे, कैंसर सर्जन डॉ अमित रंजन, डेंटल सर्जन डॉ. स्मिथ सोनल, डॉ. अजय कुमार सिंह एवं अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर दंत विभाग का उद्घाटन किया। उदघाटन के मौके पर डॉ. जगजीत पांडे ने कहा कि छपरा में आधुनिक सुविधा उक्त अस्पताल खुल जाने से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को अपने शहर में समुचित इलाज मिल रहा हैं, ये छपरा शहर के लिए बड़ी उपलब्धि है। वही छपरा के मरीजों को अब बड़े शहरों की भागदौड़ से निजात मिलेगी। डॉक्टर अमित रंजन को अपने शहर में सेवा देने पर उन्हें साधुवाद दिया और कहा कि लोग उच्च शिक्षा प्राप्त कर बड़े शहरों में ही रहना बसना चाहते हैं, लेकिन इन्होंने ने बड़े शहरों से पढ़ाई कर अपने शहर में लोगों की सेवा का विकल्प चुना हैं, ये काबिले तारीफ है। वही द सर्जन हॉस्पिटल में खुले दंत विभाग के डेंटल सर्जन डा स्मिथ सोनल ने बताया कि यहां कैंसर समेत जेनरल सर्जरी की सुविधा पूर्व से मरीजों को मिल रही थीं। अब डेंटल संबंधित सभी बीमारियों का इलाज नई आधुनिक लेजर तकनीक से की जायेगी। जिसमें दांतो की सफाई, पॉलिशिंग, आरसीटी, लेजर तकनीक से दांतो की फीलिंग, आरे तिरछे दांतो का इलाज, कैपिंग आदी की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां सभी प्रकार के इलाज नई आधुनिक लेजर तकनीक द्वारा होगी। इस मौके पर रेडियोलॉजिस्ट डॉ जितेन्द्र प्रसाद सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा ललित किशोर, डॉ अश्वनी कुमार सिंह, डॉ. संदीप कुमार सिंह, डॉ अमरेश कुमार सिंह, डॉ आशुतोष दीपक, डॉ कुमार गौरव, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष वंशीधर तिवारी, सुरेश सिंह, शिक्षक आलोक कुमार सिंह समेत कई गणमाम्य लोग उपस्थित रहे।




## कोलकाता में डॉक्टर से गैंगरेप-मर्डर की घटना के विरोध में डॉक्टरों व प्रशिक्षणार्थियों ने निकाली श्रद्धांजलि यात्रा

### एकमा सीएचसी में ठप रही ओपीडी सेवा

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** कोलकाता के आरजी मेडिकल कॉलेज की ट्रेनी डॉक्टर से गैंगरेप के बाद मर्डर केस की घटना के बाद डॉक्टरों में बेहद नाराजगी है। घटना को लेकर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी सेवाएं ठप रही। इसका विरोध विभिन्न संगठनों के द्वारा जारी है। इसी क्रम में शनिवार को एकमा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षणार्थियों एवं डॉक्टर्स के समूह के साथ श्रद्धांजलि यात्रा निकाली गई। जिसमें कोलकाता की ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म एवं हत्या के विरोध में एकमा स्थित मौज बाबा के मठिया, एकमा बाजार, हाई स्कूल, थाना, बस स्टैंड, प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होते हुए एकमा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज पहुंची। जहां उक्त दिवंगत डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।श्रद्धांजलि देने वालों में जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ बीके सिंह , सीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आयुष्मान कुमार, डॉ विवेक कुमार, डॉ विनीत कुमार, डॉ संतोष कुमार, अजीत भारती आदि के अलावा पैरामेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षणार्थी शामिल रहे।

## अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के चिकित्सक भी हड़ताल पर रहे, सेवा बाधित

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)** आईएमए द्वारा देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक भी पूरे दिन बंद रहा। इस दौरान मरीजों के लिए केवल इमरजेंसी सेवा उपलब्ध थी । आई हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर अजीत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में चिकित्सक व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च किया ।डॉक्टर छात्राएं नर्सिंग स्टाफ कर्मचारी शामिल हुए।डॉक्टर अजीत पोद्दार ने बताया कि यह हड़ताल और पैदलमार्च कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दरिंदगी और उनकी हत्या की गई। अस्पताल में तोड़ फोड़ की गई जिसके विरोध में हमसब हड़ताल पर है । उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से डॉक्टर की जिम्मेवारी होती है लोगो का जान बचाना तो सरकार और प्रशासन की भी जिम्मेवारी होनी चाहिए की डॉक्टर की रक्षा करना । और हॉस्पिटल को सुरक्षित क्षेत्र घोषित करना चाहिए।पैदल मार्च अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल से बनवारी पर पोझी परसा मस्तीचक होते हुए वापस हॉस्पिटल में संपन्न हुई ।इस दौरान डॉ मृत्युंजय तिवारी,डॉ रघुवंश,डॉ आशीष अग्रवाल डा मंजूषा अग्रवाल डा तरनुम फातिमा,डॉ स्वेता कुमारी,डॉ मुदासर ,डॉ फैज,डॉ आदिति,डॉ अफरोज डॉ धीरज, डॉ उर्वशी,काजल पांडे,विकास शर्मा सहित सैकड़ों चिकित्सक,नर्सिंग स्टाफ ,छात्र कर्मचारी मौजूद थे।

## मारपीट की विभिन्न घटनाओं में 13 लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में पांच महिलाओं समेत 13 लोग घायल हो गए। घायलों में एकमा गांव के रंजीत बांसफोर, नरहनी गांव के प्रिंस कुमार, हंसराजपुर गांव के पुष्पेन्द्र कुमार सिंह, नरेश कुमार राम, नवतन गांव के कृष्णा राम, राजू यादव, शोभन छपरा गांव की भागमनी देवी, तेतरा देवी, बेलदारी गांव के कृष्णा राय, लक्ष्मीपुर गांव की मुन्नी देवी, बसंती देवी, रामबाबू पंडित, रोशनी खातून शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## बाइक की ठोकर से अधेड़ घायल, सीएचसी में हुआ उपचार

**एकमा (सारण)।** एकमा-नरवन सड़क पर कलान गांव के समीप एक तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से भलुआ खुर्द गांव के निवासी अधेड़ व्यक्ति राज नारायण राम घायल हो गये। वहीं मौका पाकर बाइक सवार मौके से बाइक समेत फरार हो गया। बताया जाता है कि आसपास के लोगों ने घायल व्यक्ति को निजी वाहन से लाकर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार कराया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बताया कि घायल व्यक्ति की हालत में सुधार हो रहा है, वह अब खतरे से बाहर है।

## प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक रिफ्रेशर प्रशिक्षण शिविर में हुए प्रशिक्षित




**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** भारत की ग्रामीण आबादी को निःशुल्क स्वास्थ्य देखभाल और गुणवतापूर्ण चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के तहत एक स्वास्थ्य योजना शुरू की गई है। हालांकि यह ग्रामीण क्षेत्रों के सभी स्थायी निवासियों के लिए उपलब्ध है। उक्त बातें क्षेत्रीय अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने एनएमएच कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक को दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण के अंतिम दिन समापन समारोह के दौरान कही। उन्होंने यह भी कहा कि किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा लिया जाने वाला पुनर्प्रशिक्षण (रिफ्रेशर प्रशिक्षण) का एक पहलू है जो पहले से ही योग्य है या पहले से ही किसी क्षेत्र में सक्षम के रूप में मूल्यांकन किया गया है, जिसका उद्देश्य कौशल ज्ञान को बदले हुए मानक पर अपडेट करना है।

**सिवान और गोपालगंज जिले में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन:** क्षेत्रीय आशा समन्वयक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि 13 और 14 अगस्त को सिवान जिले के जिला सामुदायिक उत्प्रेरक (डीसीएम) आलोक कुमार के नेतृत्व में सभी प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक जबकि 16 और 17 अगस्त को गोपालगंज के डीसीएम सत्यम कुमार और डीडीए निकहत प्रवीण के नेतृत्व में एनएचएम कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक को दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, नियमित टीकाकरण, ई पीएमएसए, एचबीएनसी, एम आशा एप, सोशल सिक्योरिटी स्कीम, आशा कार्यक्रम, आरसीएच पोर्टल और एफपीएलएमआईएस, अश्विन पोर्टल, मोबाइल अकादमी किलकारी, परिवार नियोजन कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई है।

# विधानसभा स्तरीय जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



**दैनिक खोज खबर/ मांझी/ दाउदपुर।** शनिवार को दाउदपुर के महाराजा विवाह भवन के सभागार में आयोजित माँझी विधानसभा स्तरीय जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन में जदयू नेताओं ने सारण प्रमंडल की सभी बीस विधानसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित कराने के संकल्प व्यक्त किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गौतम सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विकास पुरुष बताते हुए कहा कि श्री कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन सारण प्रमंडल में अभूतपूर्व तरीके से क्लीन स्वीप करेगा तथा राजद गठबंधन का इसबार खाता भी नही खुलेगा। भीषण गर्मी के बावजूद कार्यकर्ताओं की उमड़ी भीड़ से उत्साहित श्री सिंह ने कहा कि पिछली बार सम्पन्न माँझी विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा प्रत्याशी चयन में हुई चूक की वजह से पार्टी प्रत्यासी को करारी हार का सामना करना पड़ा था तथा इस वजह से चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं में जो मायूसी का माहौल था वह अब छंट गया है। इस बार कार्यकर्ता अभी से चुनाव के लिए मुस्तैद हैं तथा एनडीए के पक्ष में मतदाता भी गोलबंद हो चुके हैं। अपने सम्बोधन में पार्टी के जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि पार्टी की प्रखण्ड व पँचायत कार्यकारिणी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाया जा रहा है तथा जरूरत महसूस होने पर उसे भंग कर कार्यकारिणी में फेरबदल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माँझी विधानसभा के अंतर्गत माँझी की 18,जलालपुर की 15 तथा बनियापुर प्रखण्ड की तीन पंचायतों में पार्टी की पँचायत कार्यकारिणी द्वारा इस बार पूर्व मंत्री गौतम सिंह के नेतृत्व में माँझी विधानसभा चुनाव लड़ने की सहमति प्रदान कर दी गई हैं। श्री सिंह को पार्टी का प्रत्यासी बनाये जाने की संभावना को देखते हुए कार्यकर्ताओं में इसबार काफी उत्साह देखा जा रहा है। समारोह को ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता पूर्व मुखिया अख्तर अली तथा संचालन बनियापुर प्रखंड अध्यक्ष शिवनारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर डब्लू सिंह मुखिया, लग्नदेव तिवारी, मनोज सिंह,मदन सिंह, जयप्रकाश साह ,अनन्त गोंड, अन्नू खान,मनोज तिवारी ,रामकिशुन सिंह,लियाकत अली, मुकेश सिंह,रामप्रसाद मुखिया, गया प्रसाद, सत्यकिशोर पूरी,बिजय सिंह ,अरुण गिरी महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष कुसुम देवी, उपाध्यक्ष नीतू सिंह आदी ने अपनी बातें रखी।

# बंग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में छपरा शहर में कैंडिल मार्च निकाला गया




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण सनातनियों द्वारा बंग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में छपरा शहर में कैंडिल मार्च निकाला गया। कैंडिल मार्च में सैकड़ो सनातनियों ने हिस्सा लिया। सनातनी श्याम बिहारी अग्रवाल ने बंग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की भर्त्सना की तथा कहा बंग्लादेश में हिन्दु अल्पसंख्यक है इसलिए उनपर अत्याचार हो रहा है जो अशोभनीय है। बंग्लादेश की सरकार तथा वहाँ के सैनिको को हिन्दुओं के उपर हो रहे बर्बरतापूर्ण हमले को रोकना चाहिए तथा उन्हें सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। विश्व में वसुधैव-कुटुंबकम और सर्वे भवन्त सुखिनः का सन्देश के आधार पर अमन-चैन स्थापित करना चाहिए। वहीं सनातनी अमरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा बंग्लादेश के अल्पसंख्यक हिन्दुओं की रक्षा करना वहाँ की सरकार तथा मिलिट्री का दायित्व है जो उपद्रवियों को प्रोत्साहन दे रहे है, यह कहीं से भी नैतिकता नहीं है। सनातनी चन्द्र प्रकाश राज ने कैंडल मार्च करते हुए कहा बंग्लादेश पर भारत सरकार को दबाव बनाना चाहिए जिससे वहाँ रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दु अमन-चैन से रह सके।कैंडिल मार्च में अमरेंद्र कुमार सिंह, श्याम बिहारी अग्रवाल, चन्द्र प्रकाश राज, शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त, राजेश कुमार, शशिभूषण प्रसाद, हिमान्शु किशोर, अरूण कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, बिकेश बिहारी, मुकेश कुमार शर्मा, भवानी सिंह राणा, विनित सिंह राणा, पंकज पासवान, रवि कुमार, निरज यादव, सुभाष ओझा, रौशन कुमार, शेमल सिंह, राहुल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, अमोद सहाय, ब्रजेश कुमार सिंह, दिपक कुमार गुप्ता, बबलू सिंह, राजेन्द्र सिंह कुशवाहा, समीर जायसवाल, शिवा सिंह, रजत कुमार सिंह, निकेश कुमार सिंह, प्रभात कुशवाहा आदि उपस्थित हुए।

# श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रीलंका में शहीद की पुण्यतिथि पर किया गया याद

## मुजफ्फरपुर से सीआरपीएफ के जवानों ने पहुंच शहीद की विधवा को किया सम्मानित



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बंसोही गांव के सीआरपीएफ का जवान जो 17 अगस्त 1988 में श्री लंका में लिट्टे उग्रवादी संगठनों के द्वारा बम विस्फोट में शहीद हो गया था। उसकी शहादत दिवस पर मुजफ्फरपुर से पहुंचे सीआरपीएफ के जवानों ने शहीद जवान बबन साह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी वहीं शहीद की विधवा वीर शहीद गीता देवी और मां फूलमती देवी को सलामी दी। दुरगौली मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह ने बताया कि उनके पंचायत के बंसोही गांव के हरिहर साह के पुत्र बबन साह श्री लंका में लिट्टे उग्रवादियों के द्वारा बम विस्फोट में 17 अगस्त 1988 में शहीद हो गए थे जिनकी शहादत दिवस पर मुजफ्फरपुर से पहुंचे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केंद्र से जवानों में इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह, हवलदार जे एस तिवारी, मणी कांत कुमार, राकेश तिवारी ने शहीद के दरवाजे पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। वहीं शहीद की विधवा और मां का हालचाल जाना। मौके पर उपस्थित सभी ने कहां कि हमें देश के लिए शहीद होने वालों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बलिदान व्यर्थ नहीं जानें देना चाहिए। इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शहीद जवान श्री लंका में उपद्रव में शांति सेना के रूप में गये थें।

# मंत्री बैधनाथ पांडेय की 19वीं पुण्यतिथि मनी

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने श्री पांडेय की तैल चित्र पर पुष्प अर्पित की



**दैनिक खोज खबर /बनियापुर।** प्रखण्ड के इब्राहिमपुर स्थित चंद्रालय में पूर्व उद्योग मंत्री बैधनाथ पांडेय की 19 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। शनिवार को आयोजित पुण्य तिथि में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने श्री पांडेय की तैल चित्र पर पुष्प अर्पित की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बैधनाथ पांडेय एक जनप्रिय नेता थे। उन्होंने समरस समाज को स्थापित करने में सराहनीय योगदान दिया था। जानकारी हो कि बैधनाथ पांडेय महाराजगंज के पूर्व विधायक एवं बिहार सरकार में रहे उद्योग मंत्री थे। उनकी पत्नी व महाराजगंज की पूर्व सांसद गिरिजा देवी ने कहा कि

सर्वजातीय समुदाय की सेवा करने की भावना वर्तमान नेताओं में भी होनी चाहिए। लोगों को समुदाय में बांटना नैतिक मूल्यों के विरुद्ध है। पूर्व मंत्री की पुत्री मनीषा प्रियम ने कहा कि पांडेय जी का विचार हमेशा क्षेत्र के विकास व जनमानस की मूलभूत समस्याओं को दूर करना था। उन्होंने हमेशा जनपयोगी कार्यो को प्राथमिकता दी थी। बनियापुर में विकास की रौशनी उनके विधायक बनने के बाद दिखने लगी थी। वे बेबाक तरीके से अपनी बात रखने के लिए भी जाने जाते थे। इसलिये कुछ लोग उन्हें राजनीति का बाबा भी कहते थे। उन्होंने कहा कि आज भी पिताजी के विचारों के साथ चलती हूं। उनका आदर्श उनके पिता हैं। मौके पर कांग्रेस के वरीय नेता परशुराम त्रिपाठी, मुन्ना ठाकुर, प्रमूख मितेंदर राय, जिला पार्षद चांदनी देवी, मंजूषा ओझा, , बीरेंद्र ओझा, भगवान जी शर्मा, इंद्रजीत महतो, मुरारी सिंह आदी लोग मौजूद रहे।



# तिथि भोजन पर बच्चों ने उठाई सुस्वादु भोजन का लुफ्त

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** सरकारी विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ़े और नियमित रूप से बच्चे स्कूल आए इसके लिए सरकार मध्यान भोजन योजना सहित कई कार्यक्रम चल रही है। ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ पौष्टिक भोजन भी कर सकें। इस कड़ी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय भगवानपुर में शनिवार को तिथि भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें पीएम पोषण योजना के तहत बच्चों को खीर पूरी सब्जी व मिठाई खिलाया गया। वही पहली बार स्कूल के बच्चों ने इस तरह का आयोजन देख काफी उत्साहित नजर आए । पंचायत के मुखिया सुधीर कुमार अकेला उर्फ गुड्डू राम ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चो का रुझान सरकारी विद्यालय के तरफ झुकेगा ।इस अवसर पर प्रखंड साधन सेवी अरविंद कुमार सिंह, एच एम सुचिंद्र कुमार सिंह,गुड्डू सिंह,बीरेंद्र प्रसाद यादव,बी ई ओ नीरज चौधरी,कुमार शैलेश ,पप्पू कुमार तथा अनिल कुमार सिंह सहित अन्य शामिल हुए।

# चतुरपुर व सैदपुर के भूमिहीन परिवार को सोनपुर डीसीएलआर ने दी वासकित पर्चा



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सरकार के आदेशानुसार वैसे भूमिहीन जिनका रहने के लिए भूमि नहीं है। वैसे लोगो को अंचल कर्मियों द्वारा चिन्हित कर वासगीत पर्चा देकर उन्हें भूमिहीन होने का प्रमाण पत्र विभागीय अधिकारियो के द्वारा निर्गत करने का आदेश दी गयी हैं। इसी क्रम मे सोनपुर अंचल के अंतर्गत चतुरपुर और सैदपुर पंचायत के भूमिहीन वासीयों को राजस्व कर्मी एवं अन्य विभागीय अधिकारी,कर्मियों द्वारा जांच पड़ताल कर भूमिहिनो को भूमि उपलब्ध कराने की अनुशंसा किया गया था। जहां सोनपुर सीओ ने कानूनी व कागजी प्रक्रिया के तहत वैसे भूमिहिनो को वासगीत पर्चा 78वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सोनपुर भूमि सुधार उप समहार्ता के द्वारा चतुरपुर पंचायत के 5 व सैदपुर पंचायत के 4 भूमिहानो को वासगीत पर्चा सोनपुर सीओ आदिति श्रुति व राजस्व अधिकारी राजकमल, चतुरपुर पंचायत के राजस्व कर्मी अभिषेक आनंद व सैदपुर पंचायत के राजस्व कर्मी कुंदन कुमार, राजस्व कर्मी चन्द्रदीप कुमार, ललन कुमार,अमीन सुगेश्वर कुमार,अशोक कुमार, नेहा कुमारी, अंचल कर्मी राजकिशोर चौधरी के मौजूदगी मे अंचल कार्यालय सोनपुर मे भूमि सुधार उप समाहर्ता रशिमी कुमारी ने सभी 8 भूमिहानो को वासगीत पर्चा देकर उन्हें भूमि पर दखल कब्जा बरकरार रखने की नसीहत दी। वसकित पर्चा प्राप्त करने वाले भूमिहीन थाना नंबर 44 पंचायत चतुरपुर के शैल देवी पति जानकी बैठा,सविता देवी पति बसंती बैठा,शांति देवी पति रामसेवक बैठा,बेगम देवी पिता मेवा लाल बैठा,सीता देवी पति अशर्फी बैठा हैं।ज़बकि थाना नंबर 74 पंचायत सैदपुर के दुर्गा देवी पति मनोज महतो, पूजा देवी पति महेश महतो, मीरा देवी पति आतिदर महतो हैं। उक्त बात की जानकारी देते हुए सोनपुर सीओ आदिति श्रुति ने शनिवार को बताई की चतुरपुर के 5 जबकि सैदपुर के 4 भूमिहानो को वसकित पर्चा का वितरण किया गया हैं।

# ‘बाबा नगरिया से‘ कार्यक्रम में सारण की प्रीति-कृति बहनों के गीतों का प्रसारण कल

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** सावन की अंतिम सोमवारी 19 अगस्त को ‘बाबा नगरिया से ‘ कार्यक्रम में सारण की बाल कलाकार गायिकायें प्रीति- कृति बहनें भी गाते हुए दिखेंगी। साथ ही जिले के गायक रामेश्वर गोप भी गायन प्रस्तुत करते हुए दिखेंगे।न्यूज 18 बिहार झारखंड चैनल पर सुबह 7:30 बजे प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में गायक गोप के अलावे सारण की ही बाल कलाकार प्रीति- कृति बहनें भी अपनी सुमधुर आवाज में शिवभजन गायेंगी।



(गायिका प्रीति -कृति बहनें)

मुकेश मिश्र के निर्देशन में बैजनाथ धाम देवघर केनद्रित तैयार कार्यक्रम में गायक गोप बिरहिया आवाज में सावन में भोले बाबा के दया खूबे बरसे स्व रचित भजन गायेंगे तो इन्हीं की रचित शिव भजन बोल बोल बम लोग बोल .गीत को प्रीति -कृति गाते हुए दिखेंगी।इसके अलावे बिहार के प्रसिद्ध कलाकार ,अंजली भारद्वाज, सत्येन्द्र संगीत, खुशबू उत्तम आदि गायक गायिका भी भगवान शिव का भजन प्रस्तुत करेंगे।

## पिछला दरवाजा तोड़ नकद समेत लाखों की चोरी

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाओं में बेतहासा वृद्धि हुई है।दो दनों पूर्व बेछपरी बंशी छपरा गांव में चोरों ने रविन्द्र सिंह के घर में पीछे का दरवाजा तोड़कर लाखों की संपत्ति की चोरी कर ली,सुबह जब घर वाले सोकर उठे तो उन्हे चोरी का पता चला,सुबह उठने पर बाहर से सभी दरवाजा बंद पाया गया हल्ला गुल्ला करने पर गांव के लोगों द्वारा दरवाजा खोलने पर सभी सदस्य बाहर निकले तब चोरी की घटना समझ आयी वहीं चोरी की घटना को अंजाम देकर चोर भागने में कामयाब हो गए,पीड़ित परिवार के पुरूषोत्तम सिंह ने स्थानीय थाने में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है,जिसमें बनारसी साड़ी कुछ दस्तावेज, 15 हजार की नकदी और मंगलसूत्र, कान की बाली,झुमका,कुण्डल,अंगूठी आदि सोने व चांदी के जेवरात समेत कीमती धातु के बर्तन समेत पूजा के लिए रखे गए तीन हजार रूपये पर चोरों ने हाथ साफ किया है।

सूचना मिलते हीं मौके पर पहुंच पुलिस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।विदित हो कि एक सप्ताह पूर्व हीं चोरों ने योगियां तथा रसूलपुर में कुल पांच घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था,जिसमें एक भी चोरों को गिरफ्तार करने में पुलिस अबतक विफल है,उधर लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीण दहशत में हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही है।

## मशरक महाविद्यालय में ऑन स्पाट एडमिशन की अंतिम तारीख आज तक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निर्देशानुसार मशरक महाविद्यालय मशरक में तीनों संकायों में नामांकन की अंतिम तारीख 18 अगस्त तक है। मशरक महाविद्यालय मशरक के प्रधानाचार्य रविरंजन कुमार सिंह ने सुचना जारी करते हुए बताया कि सत्र 2024-26 के लिए इंटर कालेज में स्पाट एडमिशन को लेकर ग्यारहवीं के तीनों संकाय यानी साइंस, आर्ट्स और कामर्स में नामांकन हेतु अंतिम तारीख आज तक यानी 18 अगस्त रविवार तक ही है। हालाँकि तिथी में परिवर्तन को लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के तरफ से अभी तक कोई सुचना नहीं है। साथ ही एडमिशन इंचार्ज प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने बताया कि विद्यार्थीयों को एडमिशन के लिए दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ दसवीं कक्षा से संबंधित सभी दस्तावेज की दो-दो फोटो कॉपी लग रही है।

## गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान श्री राम की बारात, उमड़े श्रद्धालु

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** धूमधाम व गाजे बाजे के साथ शनिवार को श्री राम की बारात मशरक थाना परिसर स्थित राम जानकी शिव मंदिर परिसर से निकाली गई। जिसमें भगवान श्री राम पालकी में सवार थे।गांव की महिलाएं मंगल गीत गाती पीछे पीछे चल रही थी। बारात में पैदल सैकड़ों बाराती चल रहे थे। जय श्री राम की गगन भेदी आवाज के साथ जय जयकार की आवाज से पूरा वातावरण गुंजायमान था। आचार्य टुन्ना बाबा ने बताया कि दो दिवसीय अखंड शिवयाम व लखराव का हवन पूजन के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समापन किया गया। समापन पर भगवान श्री राम की बारात निकाली गई। जो थाना परिसर मंदिर से निकल यदु मोड़, महावीर चौक, दुर्गा चौक, अस्पताल चौंक होते हुए राम-जानकी शिव मंदिर परिसर पहुंची। जहां व्यास मंडली के द्वारा संगीत से समापन किया गया। मौके पर चंद्रमा सिंह, घनश्याम रस्तोगी समेत अन्य मौजूद रहें।

## सरकारी विद्यालय में आयोजित हुआ रक्षाबंधन प्रतियोगिता



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर शनिवार को प्राथमिक विद्यालय घोघिया उतर टोला में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और सुंदर-सुंदर राखियां बनाईं। शिक्षक सालिनी सिंह ने राखी के विषय में बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि भाई-बहनों का सबसे पावन त्योहार राखी का है इसमें बहनें अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उनका तिलक करके अगला उन्हें मिठाई खिलाती हैं और भाई उनकी आजीवन रक्षा व लेख का संकल्प लेते हैं। यह त्यौहार किसी एक धर्म विशेष का नहीं बल्कि सभी धर्म में इसको उल्लास पूर्ण तरीके से मनाया जाता है उसने बताया कि मुगल सम्राट हुमायूं ने चित्तौड़ की महारानी कर्णावती से राखी बंधवाकर उनकी रक्षा करने की प्रतिज्ञा करी थी। प्रतियोगिता में सबसे सुंदर राखी बनानें पर छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

## शव घर पहुंचते मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/अमनौर/सारण।** अमनौर के युवक की हत्या दरियापुर थानाक्षेत्र के मटिहान उसके ससुराल में होने के बाद उसका शव अमनौर उसके घर पहुचते ही उसके परिजनो में कोहराम मच गई.परिवार के लोग की चीख पुकार से आसपास के लोग मर्माहत हो गये. मृतक अमनौर थानाक्षेत्र के अमनौर हरनारायण पंचायत अंतर्गत पूर्व टोला निवासी स्वसरयुग सिंह का 32 वर्षीय पुत्र डब्लू सिंह बताया गया है. वह अमनौर के युवराज एचपी गैस एजेन्सी में डिलेवरी मैन का काम करता था. उसका दो पुत्र तथा एक पुत्री है. ससुराल मे अपने पाटीदारी में विवाद चल रहा था जिसकी सूचना पर शुक्रवार को वह ससुराल गया था. जहां उसकी हत्या कर दी गयी. शव आते ही उसकी पत्नी ब्यूटी देवी, माता सूर्यमणी कुंवर, पुत्र रितिक, अभिजीत पुत्री पायल का रो रोकर बुरा हाल है।

## आंदर व असांव में एक मामले का निष्पादन

**आंदर (सिवान)** आंदर एवं असांव थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद निपटारा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादी भूमि संबंधित कागजात के पहुंचे हुए थे। आदंर थाना परिसर में सीओ नीलम कुमारी व थानाध्यक्ष पप्पन कुमार एवं असांव थाना परिसर में सीओ नीलम कुमारी व थानाध्यक्ष रवि कुमार की अध्यक्षता में भूमि विवाद से संबंधित मामले की सुनवाई है। इस संबंध में सीओ ने बताया कि आंदर थाना में एक मामले का निष्पादन व एक नया मामला दर्ज गया है। वहीं असांव थाना में एक नया मामला दर्ज किया गया है। इस मौके पर समरेंद्र कुमार शर्मा, नागेंद्र कुमार समेत आदि कर्मी उपस्थित थे।

## विदाई समारोह आयोजित

**गोरेयाकोठी (सिवान)** प्रखंड के जामो बाजार डाकघर में तैनात डाक सहायक रविन्द्र सिंह का तबादला गोपालगंज जिले के बरौली में होने के बाद विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संदीप कुमार, रामाशंकर साह, अलखराज सिंह, मनोज ओझा, अमन कुमार, विजय सिंह आदि मौजूद थे।

## मौनिया बाबा मेला की तैयारी को ले डीएम-एसपी ने की बैठक, दिए कई निर्देश

**महाराजगंज (सिवान)** अनुमंडल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को डीएम मुकुल कुमार गुप्ता व एसपी अमितेश कुमार ने मौनिया बाबा मेला की तैयारी को ले पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान डीएम ने कहा कि मेला को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए हम सभी का पूरे लग्न के साथ कार्य करना होगा। जिन-जिन अधिकारी की प्रतिनियुक्ति जिस जगह पर होगी उक्त जगह पर वे पूरे मुस्तैदी के साथ

तैनात रहेंगे। कार्य में कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस- जिस जगह से अखाड़े निकलते हैं वहां बैठक करना है। बैठक में जो दिशा-निर्देश है उसे समझाना है। वहीं एसपी अमितेश कुमार ने कहा कि मेले के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती होगी। महिला पुलिस बल, घुड़सवार पुलिस दस्ता की भी तैनाती होगी। उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सादे लिबास में भी पुलिस बल जगह- जगह तैनात रहेंगे। बैठक में डीडीसी मुकेश कुमार, एडीएम उपेंद्र कुमार सिंह, एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, महाराजगंज बीडीओ बिंदु कुमार, दारौंदा बीडीओ सूर्यप्रताप सिंह सेंगर, गोरेयाकोठी बीडीओ डा. अभय कुमार, महाराजगंज थानाध्यक्ष सहित भगवानपुरहाट, गोरेयाकोठी, लकड़ी नबीगंज, बसंतपुर के बीडीओ, सीओ व थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

# कोलकाता में चिकित्सक के साथ हत्या के विरोध में स्वास्थ्य कर्मियों ने काला बिल्ला जताया विरोध

**सिवान ।** कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या करने तथा इसके बाद भीड़ द्वारा घटनास्थल पर तोड़फोड़ करने के विरोध में जिले के विभिन्न प्रखंडों में चिकित्सकों ने काला बिल्ला लगा विरोध जताया। साथ ही इस कुकृत्य की कड़ी आलोचना की। साथ ही सरकार से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार महाराजगंज अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया और इस तरह के कुकृत्य घटना की कड़ी आलोचना की गई। साथ ही उन दरिंदों को इसकी उचित सजा दिलाने की मांग सरकार से की गई। वहीं भगवानपुर हाट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों ने ड्यूटी किया। आयुष चिकित्सक डा. राजीव पंडित ने बताया कि संगठन के आह्वान पर काला बिल्ला लगा कर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब एक बजे तक 91 मरीजों ने का आउट डोर में इलाज कराने के लिए पंजीयन कराया था जबकि 75 मरीज का आउट डोर में उपचार किया जा चुका है। डा. राजीव पंडित ने बताया संगठन का जैसा निर्णय होगा बिहार के चिकित्सक पालन करेंगे। वहीं गुठनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डा. शब्बीर अख्तर के नेतृत्व में अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने काला बिल्ला लगा प्रदर्शन किया। इस मौके पर डा. शकील अहमद काला बिल्ला लगा ओपीडी में मरीज दे रहे थे। इनके अलावा स्वास्थ्य कर्मी धर्मनाथ यादव भी काला बिल्ला लगा मरीजों के बीच दवा वितरित कर रहे थे। वहीं बड़हरिया स्थित आरएस हास्पिटल में डा. एन अहमद और अन्य स्वास्थ्य कर्मी एकदिवसीय हड़ताल पर रहे। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य केंद्रें में चिकित्सक व कर्मियों ने काला बिल्ला लगा घटना का विरोध जताया।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट मामले में दोनों पक्ष ने कराई प्राथमिकी

**हसनपुरा (सिवान)** एमएच नगर थाना क्षेत्र के रजनपुरा के टोला उसरही में आपसी विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इस मामले में दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर एक-दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। एक पक्ष के उसरही निवासी छट्ठू यादव ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मेरी कुछ निजी जमीन है इसमें बगीचा बनाकर महोगनी का पेड़ लगाया हुआ। इसको लेकर मेरे ही पट्टीदार द्वारा काटा जा रहा था। जब मैंने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने मेरे साथ गाली गलौज व मारपीट की गई। जब मुझे बचाने मेरी पत्नी एवं पुत्री आई तो उक्त लोगों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में अरविंद यादव, सुजीत यादव, बच्चा यादव, निरहु यादव व भोला यादव को आरोपित किया है। वहीं दूसरे पक्ष के बच्चा यादव की पत्नी रमावती देवी ने थाना मे आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मेरी पुत्री पढ़ने के लिए विद्यालय जा रही थी तभी मेरे पट्टीदार जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिए। जब मैं पुत्री को बचाने पहुंची तो उक्त लोगों ने मेरे साथ भी मारपीट की। इस मामले में छट्ठू यादव, पूनम कुमारी, महावीर यादव, सीमा कुमारी, सविता कुमारी व प्रियंका कुमारी को आरोपित किया है। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, स्वजनों में मचा कोहराम

**भगवानपुर हाट (सिवान)** थाना क्षेत्र के रामपुर कोठी गांव के समीप एनएच 331 पर शनिवार की सुबह अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान रामपुर कोठी निवासी फुलेश्वर राम के पुत्र सुदर्शन राम के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि सुदर्शन राम शनिवार की सुबह शौच करने गए थे। जब वे लौट रहे थे तभी सड़क पार करने के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के सामने रामपुर कोठी के समीप 331 पर सहाजितपुर की ओर से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने में सफल रहा। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रमाशंकर साह, एसआइ सत्यनारायण मंडल, एएसआइ राजीव कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष रमाशंकर साह ने बताया कि आवेदन मिलने पर प्राथमिकी की जाएगी।

## कृष्ण सुदामा मिलन देख भावुक हुए अभिभावक

**आंदर (सिवान)** प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौरा में प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह की देखरेख में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हें-मुन्हें छात्र-छात्राओं द्वारा कृष्ण सुदामा मिलन नाटक प्रस्तुत किया गया। कृष्ण सुदामा मिलन नाटक देख अभिभावक भावुक हो उठे। कार्यक्रम के समापन दौरान प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

